अमर उजाला 12/11/2024

शिक्षा उत्थान के लिए बताई कार्यप्रणाली

छावनी के गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में बैठक में वक्ता का स्वागत करते प्रोफेसर। संस्थान

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की हरियाणा प्रांत की संचालन समिति की प्रांतीय समीक्षा बैठक हुई।

यह बैठक शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास उत्तर क्षेत्र संयोजक जगराम की देखरेख में हुई।

सभी विषय संयोजकों की ओर से अपने विषयों पर हरियाणा प्रांत में शिक्षा उत्थान के लिए की गई गतिविधियों का कार्यवृत्त प्रस्तुत किया।

वक्ता जगराम ने किए गए कार्यों की समीक्षा की और सभी संयोजकों और सह संयोजकों को प्रोत्साहित करते हुए और अधिक तेज गति से कार्य करने का आह्वान किया।

शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की संचालन समिति की प्रांतीय समीक्षा की बैठक

इसमें न्यास के अध्यक्ष डॉ. संजीव शर्मा कुलसचिव कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, संरक्षक डॉ. मेजर सिंह, पूर्व प्राचार्य खालसा कॉलेज करनाल, संयोजक डॉ. देवी भूषण और सह संयोजक डॉ. कुलदीप सिंह अध्यक्ष पंजाबी विभाग कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय और न्यास के सभी विषयों के संयोजक व सह संयोजक उपस्थित रहे।